





## एक नजर में

### अब दो दिन छोड़कर होगा जल प्रदाय

**भीकनगांव, निप्र।** नगर परिषद ने एक सूचना जारी कर कहा है कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, जल प्रदाय व्यवस्था के अंतर्गत अमनखेड़ी रोड स्थित ट्यूबवेल में जल स्तर समाप्त हो जाने और अन्य स्थानों पर कराये गये ट्यूबवेल खनन कार्य असफल रहने के कारण नगर की संपूर्ण पेयजल आपूर्ति वर्तमान में केवल पानी की टंकियों पर निर्भर हो गई है। उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए नगर में पेयजल वितरण आगामी आदेश तक 02 दिवस के अंतराल में किया जायेगा। दिनांक 15 जून के पश्चात स्थिति सामान्य होने पर पेयजल वितरण पूर्ववत किया जायेगा। अतः समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि पानी का सदुपयोग करें, पानी को व्यर्थ न बहायें एवं आवश्यकतानुसार ही उपयोग करें, ताकि सभी नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। नगरवासियों को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

### भारी मात्रा में अवैध शराब और मदिरा बनाने की सामग्री जब्त



**कसरावद, निप्र।** खरगोन जिले में कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत आबकारी जिला-खरगोन के वृत्त- कसरावद में, खरगोन जिले की वृत अ, ब, स,कसरावद,सनावद, महेश्वर, एवं बड़वाह के संयुक्त बल द्वारा प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष श्री सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं,पर कार्रवाई कर ग्राम भोईदा, चीचली एवं सत्राटी क्षेत्र के जंगल व नदी -नालों में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, च के तहत 10 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में 150 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, तथा 5800 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया। कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.6,00,000/-(छः लाख रूपए) है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक शिवम चौरसिया, सार्थक वर्मा , आबकारी मुख्य आरक्षक दिलीप मालवीय,आबकारी आरक्षक संतोष वर्मा, प्रजोत चौधरी, नवनीत पाल, ऋषि मालवीय, राधेश्याम मंडलोई, रणजीत वर्मा,रमेश मोरे संतोष आवासे, राजू डुडवे, संता चौहान, प्रमिला चौहान, शीतल कारोले का विशेष योगदान रहा।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग, शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भेंट कर प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में उज्जैन संभाग के संभागीय सचिव दिग्विजय सिंह चौहान, उज्जैन जिला कोषाध्यक्ष सीताराम सिसोदिया तथा भोपाल संभाग के संगठन मंत्री विनोद मालवीय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाना आवश्यक है। शिक्षा मंत्री राहुल उदय प्रताप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और तुरंत ही नोट शीट बनवाकर विभाग को भिजवा दी गई है। विभाग से शीघ्र ही आदेश होने की संभावना है। शिक्षा मंत्री के सकारात्मक और तुरंत नोट शीट बनवाने पर प्रांताध्यक्ष ने उनका आभार किया।

### निराशा के माहौल में मोदी बने थे पीएम, आज स्वर्णिय युग की कल्पना हो रही साकार : शर्मा

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षीय कार्यकाल को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी संगीता सोनी, जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने पीएम मोदी के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्वागत भाषण देते हुए जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर 5 से 21 जून तक चलने वाले विश्वास, विकास एवं जनकल्याण महाभियान के तहत जिलेभर में होने वाले पार्टी स्तर के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए इसे मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाकर सफल बनाने का आह्वान किया।

**एक सूर्य, एक विश्व और एक नरेंद्र मोदी :-** निमाड़ संभाग प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि पीएम मोदी जैसा नेतृत्व हमें मिला है। 2014 के पहले ऐसा समय था जब ए से झेड तक घोटाले, अराजकता भरा माहौल होने से लोग निराशा में जी रहे थे। 2014 के बाद पीएम मोदी के देश की बागडोर संभालने के बाद जो बदलाव आया है, वह समूचा विश्व महसूस कर रहा है। आज विदेश की धरा पर कहा जा रहा है एक सूर्य, एक विश्व और एक नरेंद्र मोदी। यह हमारे लिए गौरव की बात है। जिला प्रभारी श्रीमती सोनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता, परिश्रमी और निष्ठावान है। आज भीषण गर्मी के बीच भी भरी दोपहरी में जिले से पदाधिकारी पहुंचे है। यही हमारे कार्यक्रमों और पार्टी की सफलता का आधार है। पीएम के मन की बात कार्यक्रम में इस बार किसानों के मुद्दे पर चर्चा होनी है। इसलिए हर बूथ पर 100 किसानों को एकत्रित करें। पर्यावरण दिवस पर जो भी पौधा लगाएं, उसे पेड़ बनाने का प्रयास जरुर करें। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा पीएम मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीद्वार घोषित होने पर तीन संकल्प, 18 घंटे काम करुंगा, स्वयं के लिए कुछ नही करुंगा जो करुंगा देश के लिए करुंगा, कभी गलत नियत से कोई काम नही करुंगा। इन तीनों संकल्प पर वे आज भी कायम है। उनके पीएम बनने के बाद देश में अप्रत्याशित बदलाव आया है, जिसे सभी महसूस कर रहे है, लेकिन हमारी जनता भोली है। इसे जो किया वह बताना पड़ता है। इसलिए कार्यकर्ता आगामी कार्यक्रमों को गंभीरता से सफल बनाने में जुट जाएं। जनता के बीच पीएम के 12 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियां बताएं। विधायक मेव ने कहा कि भाजपा की हर बैठक अति आवश्यकत होती है, इसलिए इसमें सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ शामिल हो। दिए गए कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया कार्यशाला के दौरान हाल ही में नियुक्त किए गए पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गणेश पटेल का अतिथियों ने स्वागत कर बधाई दी। इस दौरान महामंत्री विवेक भटोरे, हरेसिंह चावड़ा, प्रकाश पाटीदार, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष कल्याण अग्रवाल मंचासीन रहे। संचालन जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल ने किया।

# अकीदत के साथ मना कुर्बानी का पर्व, मांगी अमन की दुआ

## विशेष नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** ईद उल अजहा का त्योहार शहर सहित समूचे जिले में अकीदत के साथ मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सोशल मीडिया पर भी दिनभर ईद की बधाईयों का दौर चला।


सुबह 7.30 बजे कुंदा तट सहित बीटीआई रोड स्थित ईदगाह पर ईद की विशेष नमाज अदा की गई। यहां हर वर्ष की तरह बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। बड़ी ईदगाह पर मौलाना तारीक ने नमाद अदा कराई। अपने बयान में उन्होंने रहमत की बारिश, देश में अमन-चैन और सलामती की दुआ मांगी। निमाड़ मुस्लिम समाज के अलताफ आजाद ने बताया बकरीद इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार है, जिसमें अल्लाह के प्रति अटूट विश्वास और आत्म त्याग के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। विशेष नमाज के बाद एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद बकरे की कुर्बानी दी गई। इसके मांस को गरीबों और रिश्तेदारों में बांटा गया। सिर्फ तीसरा हिस्सा खुद के लिए रखा। इस तरह समाज का हर तबका त्योहार की खुशियों और दावतों में शामिल होता है। बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। नमाज के दौरान मस्जिदों सहित संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।



### ईदुल अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाई गई

**कसरावद, निप्र।** मुस्लिम समाज का पर्व ईदुल अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही समाजजन ईदगाह में पहुंचे, जहां विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआ मांगी।

ईदुल अजहा का संबंध हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की उस महान कुर्बानी से है, जिसमें अल्लाह की राह में सबसे प्यारी चीज कुर्बान करने की मिसाल पेश की गई। इसी याद में हर साल मुसलमान कुर्बानी करते हैं। हर साल यह कुर्बानी सिर्फ जानवर की कुर्बानी नहीं, बल्कि अल्लाह की राह में अपनी चाहत, अहंकार और बुराइयों को त्यागने का पैगाम भी देती है। नमाज के बाद



जिलेभर में धार्मिक परंपराओं के अनुसार कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि यह सिलसिला शुक्रवार और शनिवार तक भी जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, तहसीलदार मुकेश मचार, थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन एवं प्रशासन के लोग व्यवस्था को लेकर सतर्क रहे। वही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह यादव एवं ब्लॉक कांग्रेस द्वारा सबका स्वागत किया गया। अनिल यादव, पप्पू सोनी, संजय यादव द्वारा सभी को ईद की बधाई दी। शहर सदर शेर खान अंसारी, सभी मस्जिदों के इमाम, अबरार पठान, अकील खान, अकील शेख़, रईस कुरैशी, तस्लीम खान शहिद हेडली एवं सभी मुस्लिम समाज।

### अमन चैन की दुआ के साथ मनाई बकरा ईद

**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर में ईद उल अजहा बकरीद का त्यौहार पूरी अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया मुस्लिम समाज के लोग सुबह से ही उत्साह पूर्वक ईद मनाने के लिए स्थानीय जामा मस्जिद पहुंचे जहाँ मुस्लिम जमात के पदाधिकारियों के साथ समुदाय के लोग जुलुस की शक्ल में बड़वाह रोड स्थित ईदगाह पहुंचे, जहां जामा मस्जिद के इमाम आरिफ साहब ने ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा करवाई। जहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित मुस्लिमों ने नमाज अदा की। मुस्लिम जमात मंडलेश्वर के शहर सदर साहिल कुरैशी ने बताया की ईद की नमाज के बाद देश में अमन चैन के लिए दुआ की गई। ईद की नमाज के बाद लोगो ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की



मुबारक़बाद दी। इसके बाद घरो में क़ुरबानी की रस्म की गई। इस अवसर पर मुस्लिम जमात के नायब सदर तस्लीम शेख प्रशासनिक सदर एजाज कुरैशी, अमजद मेकेनिक मंसूरी समाज सदर रमजान मंसूरी जफर पठान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अब्दुल खालिक कुरैशी, पूर्व पार्षद सलीम जोए रईस कुरैशी, सहित समाज जन उपस्थित रहे।

# 510 किलो गांजा पकड़ा, 11 हजार भी जब्त

**कसरावद, निप्र।** प्रदेश में अवैध मादक पदार्थ का प्रचलन समाज के लिए एक गंभीर समस्य बनता जा रहा है। विशेष रुप से प्रदेश का युवा वर्ग इसके दुष्प्रभाव से ग्रस्त हो रहा है। इसके संबंध में पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

परिपालन में पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शकुंतला रुहल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी



कसरावद को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने संतोषी माता मंदिर के पास नयानगर वार्ड क्रमांक 05 में मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से कुल 510 ग्राम गांजा कीमत 11 हजार रुपए बरामद किया।

**मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई :** मुखबिर से गुप्त सूचना प्राप्त होने पर थाना कसरावद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी शंकर पिता ताराचंद यादव, उम्र 49 वर्ष, वार्ड क्रमांक 05 नयानगर, कसरावद को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा की प्लास्टिक थैली बरामद की गई, जिसकी जांच और तौल पंचों की उपस्थिति में की गई। कुल वजन 510 ग्राम कीमती 11,000 रुपए का पाया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और विवेचना जारी है।

**सराहनीय कार्य:-** मामले में अनुविभागीय अधिकारी मण्डलेश्वर श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में उनि रीना एक्का, सउनि मोहन सिंगला, प्रआर.659 महेश मालवीय, आर.760 हरिओम, आर.673 महेन्द्र ठाकुर, आर.460 राकेश चौहान, आर.605 बुदन कटारे, आर.1064 सौरभ बघेल एवं म.आर.1002 रेखा मुवेल का विशेष योगदान रहा।

### नाकाबंदी में पकड़ी अवैध कच्ची शराब दो आरोपियों को भी लिया हिरासत में



**खरगोन, निप्र।** बड़वाह पुलिस ने नाकाबंदी कर अवैध शराब का परिवहन करते दो बाईक सवारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 28 मई को मुखबिर की सूचना परे टेंचिंग ग्राउण्ड बडवाह के रास्ते पर नाकाबंदी की गई। यहां निगरानी के दौरान बाईक सवारो को रोका। पुलिस को देख बाईक सवार व्यक्ति कुदकर भाग गया, जबकि बाईक सवार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसने अपना नाम सुलगांव निवासी पोपसिंग पिता छितूसिंह खोटे होना बताया। पोपसिंग के पास मिली बोरियों को चेक करने पर उसमें प्लास्टिक की थैलियो में कच्ची महुआ शराब मिली। मौके से भागे अनिल पिता पूरण सिंह कनासे को जयंती माता मंदिर रोड से अभिरक्षा में ले लिया। दोनों के कब्जे से 12 हजार रुपए मूल्य की 60 लीटर शराब सहित बाईक जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है।

### केबल कांड से पहले अब स्क्रैप और ऑइल बिक्री का मामला चर्चा में

**बड़वाह, निप्र।** नगर में चर्चित 'केबल कांड' की गूंज अभी शांत भी नहीं हुई थी कि अब विद्युत विभाग के स्टोर से स्क्रैप और ऑइल बिक्री का मामला भी चर्चा का विषय बन गया है। शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं कि विभागीय सामग्री के निपटान और बिक्री प्रक्रिया में कहीं न कहीं गंभीर अनियमितताएं हुई हैं।

सूत्रों के अनुसार विभागीय स्टोर से निकले स्क्रैप और ऑइल के रिकॉर्ड को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। चर्चा यह भी है कि मामले में केवल छोटे कर्मचारी ही नहीं, बल्कि कुछ बड़े चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। यही कारण है कि अब पूरे मामले को 'जुड़े तारों' से जोड़कर देखा जा रहा है और धीरे-धीरे इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। नगर में यह भी चर्चा है कि यदि निष्पक्ष जांच की जाए तो



स्क्रैप, ऑइल और केबल से जुड़े मामलों के बीच कई कड़ियां सामने आ सकती हैं। लोगों का कहना है कि विभागीय सामग्री के रखरखाव, निकासी और बिक्री की प्रक्रिया की गहराई से जांच होना जरूरी है ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। हालांकि विभागीय स्तर पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन खबरों के बाद अधिकारियों की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। बताया जा रहा है कि स्टोर से सामग्री निकलने की प्रक्रिया पर अब पहले से अधिक निगरानी रखी जा रही है।

### नर्मदा नदी के तट पर किया योगाभ्यास और स्वच्छता कार्यक्रम

**कसरावद , निप्र।** नर्मदा नदी के पवित्र तट नावडाटोडी में आयुष विभाग के तत्वावधान मे 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा योगाभ्यास, जुम्बा एरोबिक एवं विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया गया।

साथ ही नर्मदा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा तहसील कसरावद के सभी जलाशयों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने की शपथ ली गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश देते हुए आमजन से भी नदियों



एवं जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। आयोजन में डॉ.कैलाश सांकेल, डॉ. रोहित ठाकुर, संतोष चौहान, अश्विन अडतियां, संजय परमार, चेतन एक्कल, राज गांगले, मां नर्मदा नित्य सेवा समिति के अध्यक्ष भरत भाई, राधेश्याम भाई, उमेश ठाकुर, शंकर, महेश, किशन तथा आयुष विभाग अधिकारी-कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

**एक नजर में** — कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत देजला में मत्स्यपालकों को योजनाओं की जानकारी

# कलेक्टर के निर्देशन में नई पहल : रात्रि मछुआ चौपाल का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशन में मत्स्य विभाग, खरगोन द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत ग्राम देजला में समृद्ध किसान की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से 27 मई 2026 को रात्रि मछुआ चौपाल का आयोजन किया।

चौपाल में विभागीय योजनाओं तथा मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत केज कल्चर स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रण की विस्तृत जानकारी आदिवासी मत्स्य सहकारी समिति देजला-देवाड़ा के सदस्यों एवं अन्य मत्स्य पालकों को प्रदान की गई। मछुआ चौपाल में खारकबांध समिति के सदस्य, ग्राम भग्यापुर, करही एवं भगवानपुरा के मत्स्यपालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बताया गया कि मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत केज कल्चर आधुनिक एवं स्मार्ट मत्स्य पालन तकनीक है, जिससे सीमित निवेश में बेहतर आय, जलाशयों का पूर्ण उपयोग, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, उच्च गुणवत्ता की मछलियों का



उत्पादन तथा पोषणयुक्त आहार की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। साथ ही केज कल्चर के माध्यम से मत्स्यपालकों के लिए आय के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। जिले के पाँच बड़े जलाशयों— देजला-देवाड़ा, खारक, अपरवेदा, सतसोई एवं साटक—में हितग्राही मॉडल अंतर्गत केज स्थापना के लिए संचालनालय मत्स्योद्योग, म.प्र., भोपाल द्वारा विज्ञप्ति जारी कर आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन की अंतिम तिथि 07 जून 2026 तक हैं। इस अवसर पर मत्स्य निरीक्षक श्री गोपाल पाटीदार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना की जानकारी देते हुए जलकृषि बीमा के लाभों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत सुरक्षित उत्पादन एवं सुरक्षित आय सुनिश्चित की जाती है। राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आसान ऑनलाइन आवेदन की सुविधा, प्रीमियम पर 40 प्रतिशत एकमुश्त प्रोत्साहन सहायता, अधिकतम 1,00,000 तक सहायता तथा रोग, प्रदूषण, जैविक जोखिम, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान की जाती है। सहायता राशि का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से सीधे बैंक खातों में भुगतान किया जाता है। उन्होंने जिले के सभी मत्स्यपालकों से योजना का अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग रमेश मौर्य ने बताया कि मछुआ चौपाल का उद्देश्य मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 की विस्तृत जानकारी देना, मछुआरों को योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराना तथा मत्स्य पालन से जुड़ी समस्याओं एवं कठिनाइयों का समाधान करना है। कलेक्टर मित्तल के निर्देश पर इसे एक नई पहल के रूप में ग्राम पंचायत देजला में आयोजित किया गया। मछुआ चौपाल में मत्स्य निरीक्षक श्री जतनसिंह रावत, श्री जयन्तीलाल पाटीदार, सरपंच देवाड़ा कैलाश ब्राह्मणे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।